भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4042**
उत्तर देने की तारीख 19/12/2024

**आंध्र प्रदेश में सावधि ऋण योजना**

**4042 श्री बस्तीपति नागराजू :**

**क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

**(क)** विगत पांच वर्षों के दौरान सावधि ऋण योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त जनजातीय उद्यमों की कुल संख्या का आन्ध्र प्रदेश सहित जिलावार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

**(ख)** उक्त अवधि के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत प्रदान की गई ऋण राशि का आन्ध्र प्रदेश सहित राज्यवार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
**(ग)** क्या ऋण चुकौती में कोई चूक हुई है और यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान आन्ध्र प्रदेश सहित वर्षवार, राज्यवार और जिलावार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
**(घ)** क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत सहायता-प्राप्त जनजातीय उद्यमों की वित्तीय व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया है; और
**(ङ.)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**जनजातीय कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री दुर्गादास उइके):**

(**क) और (ख):** जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी), कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो आय सृजन गतिविधियों/स्वरोजगार के लिए पात्र अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों/स्वयं-सहायता समूहों को सावधि ऋण सहित अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रियायती ऋण प्रदान करता है। एनएसटीएफडीसी की योजनाओं को आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, एनएसटीएफडीसी द्वारा जिलेवार के बजाय राज्यवार सैद्धान्तिक आबंटन किया जाता

है और तदनुसार प्रस्ताव प्राप्त और संसाधित किए जाते हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश सहित सावधि ऋण योजना के अंतर्गत संवितरित राशि तथा सहायता प्राप्त अनुसूचित जनजाति के कुल लाभार्थियों की संख्या का राज्यवार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ग):** योजना का क्रियान्वयन राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से किया जाता है, जिसमें एनएसटीएफडीसी द्वारा त्रैमासिक (तिमाही आधार पर) पुनर्भुगतान की मांग की जाती है। पुनर्भुगतान में चूक का आकलन एजेंसी द्वारा नियत तिथि के भीतर देय राशि का भुगतान न करने की शर्तों के अनुसार किया जाता है। हालांकि, निगम को समय-समय पर पुनर्भुगतान प्राप्त हो रहा है और एनएसटीएफडीसी की सभी योजनाओं के तहत संचयी वसूली का समग्र (कुल) प्रतिशत नीचे दिया गया है:

| **क्र. सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **संचयी वसूली प्रतिशत (पूरे भारत में)** |
|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 89.74% |
| 2. | 2022-23 | 90.56% |
| 3. | 2023-24 | 91.14% |

31.03.2024 तक, एनएसटीएफडीसी ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को 289.27 करोड़ रुपए संवितरित किए हैं और इसके सापेक्ष बकाया (अतिदेय) राशि 19.85 करोड़ रुपए है।

**(घ) एवं (ङ):** राज्य कार्यान्वयन एजेंसियां एनएसटीएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को रियायती ऋण देने से पहले सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन करती हैं।

**दिनांक 19.12.2024 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4042 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**2019-20 से 2023-24 तक सावधि ऋण योजना के तहत राज्यवार-वर्षवार संवितरण**

(लाख रूपये में)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राशि | लाभार्थियों की संख्या | राशि | लाभार्थियों की संख्या | राशि | लाभार्थियों की संख्या | राशि | लाभार्थियों की संख्या | राशि | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1285.03 | 276 | | | 127.19 | 6 | | | 65.00 | 52 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | | | 794.53 | 224 | 248.65 | 103 | 488.52 | 375 | 25.77 | 13 |
| 3 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 245.00 | 7501 | | | | | | | | |
| 4 | असम | | | 5.00 | 2 | | | | | 40.02 | 43 |
| 5 | बिहार | | | | | | | | | 3.06 | 3 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 889.30 | 525 | 195.76 | 235 | 1098.16 | 565 | 273.11 | 281 | 221.42 | 243 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली | | | | | | | | | 4.55 | 6 |
| 8 | गोवा | | | | | | | | | 0.22 | 1 |
| 9 | गुजरात | 394.75 | 98 | 1440.90 | 8230 | 2000.00 | 10000 | 1007.53 | 5005 | 2810.12 | 11848 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 20.83 | 25 | 13.40 | 2 | 14.00 | 2 | 48.90 | 100 | | |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 446.25 | 135 | 318.75 | 125 | 1273.75 | 361 | 1092.54 | 335 | 270.90 | 93 |
| 12 | झारखंड | 611.92 | 3742 | 1.60 | 2 | | | 3.00 | 756 | 532.97 | 571 |
| 13 | कर्नाटक | | | 2316.94 | 1905 | 1250.15 | 812 | 1573.63 | 1060 | 848.41 | 493 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | केरल | 114.90 | 54 | 269.71 | 169 | 432.29 | 216 | 383.13 | 225 | 199.84 | 74 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 4118.26 | 3912 | 3360.10 | 5685 | 2755.00 | 2373 | 5322.05 | 3241 | 1759.58 | 828 |
| 16 | महाराष्ट्र | 951.56 | 447 | 30.79 | 596 | 121.56 | 1231 | 342.81 | 121 | 1835.22 | 488 |
| 17 | मणिपुर | | | 62.37 | 65 | | | 25 | 57 | 235.49 | 174 |
| 18 | मेघालय | 1745.18 | 1412 | 4485.43 | 35016 | 694.81 | 1883 | 470.60 | 1227 | 475.91 | 1193 |
| 19 | मिजोरम | 4484.04 | 3084 | 3324.18 | 1399 | 4496.77 | 10108 | 5121.68 | 3044 | 6856.69 | 4573 |
| 20 | नागालैंड | 2413.22 | 51918 | 1098.72 | 48240 | 693.36 | 48257 | 20.39 | 1 | 1199.77 | 771 |
| 21 | ओडिशा | 1654.78 | 4562 | 126.65 | 202 | 59.20 | 146 | | | 153.59 | 510 |
| 22 | राजस्थान | 1071.24 | 2150 | 1985.18 | 2414 | 498.60 | 65 | 779.35 | 1331 | 712.22 | 885 |
| 23 | सिक्किम | 253.30 | 100 | 82.11 | 21 | 62.56 | 16 | | | 34.23 | 27 |
| 24 | तमिलनाडु | | 2775 | | | 15 | 1609 | 1055 | 1284 | 3177.41 | 3598 |
| 25 | तेलंगाना | 30.07 | 1886 | 273.00 | 442 | 111.55 | 1855 | 80.00 | 109 | 493.52 | 370 |
| 26 | त्रिपुरा | | | 2134.35 | 1000 | 500.00 | 2143 | | | 1942.27 | 2201 |
| 27 | उत्तराखंड | 102.37 | 23 | 6.15 | 2 | | | 61.42 | 18 | 32.59 | 8 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | | | 1.55 | 4 | | | | | 3.37 | 4 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | | | | | | | 745.94 | 1747 | 14.06 | 9 |
| | कुल | **20832.00** | **84625** | **22327.17** | **105980** | **16452.60** | **81751** | **18894.60** | **20317.00** | **23948.20** | **29079** |

*****